राजीव युवा मितान क्लब भिलाई ने कराया रात्रिकालीन बैडमिंटन टूर्नामेंट खेल गतिविधियों को दे रहे बढ़ावा

भिलाई नगर/ दिनांक 11/12/22 , रविवार को राजीव युवा मितान क्लब सेक्टर 1 के क्लब द्वारा एक दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट सेक्टर 1 के लोगों के लिए कराया गया जिसमें 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया जिसमे पुरूष 15 साल से 35 साल उम्र में डबल्स में विजेता सुनील एवं सी पी रितेश बनें और दूसरे स्थान में राजीव एवं अब्दुल रहे , पुरुष 15 साल से 35 साल उम्र में सिंगल्स में विजेता आयुष बनें दूसरे स्थान में राजीव रहे , महिला डबल्स में विजेता शिवाली एवं सुमन बनें महिला सिंगल्स में विजेता चंचल बनीं एवं दूसरे स्थान में श्रेया रहीं | मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य सिंह जी (पार्षद एवं खेल एवं युवा कल्याण प्रभारी) , आशीष यादव जी (जिला समन्वयक , राजीव युवा मितान क्लब) , सौरभ दत्ता जी (भिलाई नगर विधानसभा समन्वयक , राजीव युवा मितान क्लब) , प्रमोद प्रभाकर जी , डामेंद्र परगनिया एवं अन्य सीनियर खिलाड़ी उपस्थित हुए। सभी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया एवं युवा मितान के सभी सदस्यों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए बहुत बधाई दी | वार्ड 53/54 सेक्टर 1 मितान क्लब के तीनों अध्यक्ष सूरज ध्रुवंशी, आदर्श राबानी एवं एल राजीव जी ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी एवं भिलाई नगर विधायक एवं प्रदेश समन्वयक श्री देवेंद्र यादव व महापौर नीरज पाल का आभार व्यक्त किया। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से सामाजिक , सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों को बल मिल रहा है साथ ही राजीव युवा मितान क्लब शासन की जनकल्याण योजना को वार्ड स्तर में लोगों का कार्य कर रहा है | भिलाई में राजीव युवा मितान द्वारा कराई जा रही गतिविधियों में समाज के सभी वर्गों में उत्साह देखने को मिल रहा है | इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेशांक मिश्रा , पीयूष सिंह , रितिक देव , प्रतीक चांदेकर , राजेश कुमार , अमित कुमार , आदर्श सोनकर , अभिषेक चौरसिया , यश प्रसाद , मोहम्मद तारिक एवं अन्य क्लब के सदस्य मौजूद थे |